## संक्षिप्त

### चेयरमैन ने समस्याएं सुनी

**खैरथल, (निसं)।** स्थानीय नगरपालिका के चेयरमैन हरीश रोघा ने मंगलवार को वार्ड नं 27 में जनसमस्याएं सुनी। पार्षद सचिन नटराजन ने बताया कि नारायणी धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में समस्याओं को सुनने के दौरान उन्होंने पालिका के जेईएन मोतीलाल वर्मा को मौके पर बुलवाकर गेलिया के मकान से किशनगढ़ रोड तक सीसी रोड का एस्टीमेट तैयार करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कालू पंडित ललित, पार्षद मोतीलाल व सचिन नटराजन, बिरजू सिंह, जेपी सेन, मनोज गुर्जर, संदीप गुर्जर, रमेश फ़ौजी आदि मौजूद रहे।

### विधायक का आभार जताया

**निवाई, (निसं)।** एनएसयूआई की लंबे समय से चल रही मांग को विधायक प्रशांत बैरवा की अनुशंसा पर सरकार ने पूरी की हैं। जिससे एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड गई। एनएसयूआई के पूर्व अध्यक्ष बाबूलाल मीणा ने बताया कि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्रथमवर्ष में इतिहास और द्वितीय वर्ष में भूगोल विषय से एमए होने की मांग को पूरा किया है। जिसको लेकर कार्यकर्ताओं ने विधायक को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# गोविन्दगढ़ में लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन

**चौमूं/कालाडेरा, (निसं)।** चौमूं उपखण्ड के गोविन्दगढ़ में एनएच स्थित राधाकृष्ण गार्डन में मंगलवार को लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीकर सांसद सुमेधानंद सरस्वती रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक रामलाल शर्मा ने की।

सैकड़ों की संख्या में चौमूं विधानसभा से पहुँचे लाभार्थियों का सांसद सुमेधानंद सरस्वती और

■ **सांसद सुमेधानंद सरस्वती और विधायक रामलाल शर्मा ने लाभार्थियों का सम्मान किया**




**गोविन्दगढ़ में आयोजित लाभार्थी सम्मेलन में सांसद सुमेधानंद सरस्वती और विधायक रामलाल शर्मा ने लाभार्थियों को सम्बोधित किया।**

विधायक रामलाल शर्मा ने राजस्थानी परंपरा से साफ़ा बांधकर और दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया और महिला लाभार्थियों को शाल और दुपटा ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान उपस्थित सभी ने भोपाल मध्यप्रदेश से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम मेरा बूथ सबसे मज़बूत कार्यक्रम को लाइव सुना। सांसद सुमेधानंद सरस्वती ने कहा कि पिछले नौ वर्षों में देश के किसी भी कोने के लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ सीधा उनके खातों के माध्यम से मिल रहा है। देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में विश्व पटल पर अग्रणी देशों के रूप में आगे बढ़ रहा है।

साथ ही उन्होंने केन्द्र सरकार की पिछले नौ वर्षों में चलायी जा रही महत्वाकांक्षी जनकल्याणकारी योजनाओं तथा आयुष्मान भारत योजना, उज्जवला योजना, किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, सुकन्या योजना, मातृत्व योजना आदि योजनाओं की सम्पूर्ण जानकारी लोगों को दी। विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि केन्द्र की किसान सम्मान निधि से आज किसानों को सम्मान के साथ साथ संबल भी मिला है, तो वहीं दूसरी ओर हिन्दू आस्था का प्रतीक भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर अयोध्या में बनने जा रहा है और मोदी सरकार के नेतृत्व में ही जम्मू कश्मीर में धारा 370 को हटाने का ऐतिहासिक फ़ैसला लिया गया।

आज देश तीव्र गति से विकसित भारत की ओर क़दम बढ़ा रहा है।इस मोके पर भाजपा गोविन्दगढ़ मण्डल महामंत्री जितेन्द्र सिंह, उपाध्यक्ष भगवान सहाय फ़ोज़ी, शंकर लाल रेगर, गोपाल डेनवाल, धोबलाई सरपंच रमेश शर्मा, सुरेश सैनी, त्रिलोक लोचिब, रामावतार राजोरिया, कैलाश कुमावत, रामसहाय, सहकारी समिति अध्यक्ष भँवर देवंदा, पंचायत समिति सदस्य लालचंद यादव, ज्योति कुमावत, भाजयुमो अध्यक्ष योगेश यादव, सीताराम यादव, सुरेश अग्रवाल, महेश शर्मा, सत्यनारायण कुमावत, श्रवण बागवान, गोपाल पटवारी सहित सैकड़ो की संख्या में लाभार्थी उपस्थित रहे।

### सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** श्रीमाधोपुर उपखंड में सड़क सुरक्षा के संदर्भ में उपखंड स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक उपखंड अधिकारी दिलीप सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में राठौड़ ने सार्वजनिक निर्माण विभाग, नगरपालिका, थाना अधिकारी अजीतगढ़ को कस्बा अजीतगढ़ में हो रहे स्थाई /अस्थाई अतिक्रमण को हटाने हेतु निर्देशित किया। सार्वजनिक निर्माण विभाग को अजीतगढ़-शाहपुरा सड़क मार्ग पर धाराजी के पास रोड व श्रीमाधोपुर - अजीतगढ़ रोड पर क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत कराने के लिए निर्देश प्रदान किए। बैठक में थानाधिकारी पुलिस विभाग श्रीमाधोपुर/ अजीतगढ़ को वाहनों की स्पीड नियंत्रण हेतु विशेष अभियान चलाकर चालान काटने व ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई करने के लिए निर्देश दिए ।बैठक में उप पुलिस अधीक्षक रींगस, तहसीलदार श्रीमाधोपुर ,उप तहसीलदार अजीतगढ़, सहायक अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग श्रीमाधोपुर, उप निरीक्षक परिवहन विभाग रींगस ,मुख्य प्रबंधक राजस्थान परिवहन निगम आगार श्रीमाधोपुर, उपनिरीक्षक पुलिस थाना श्रीमाधोपुर, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका श्रीमाधोपुर/ अजीतगढ़ ,थाना अधिकारी पुलिस थाना अजीतगढ़, प्रतिनिधि पुलिस थाना थोई /श्रीमाधोपुर एवं बस /टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष उपस्थित थे।

## सार-समाचार

### सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ के पोस्टर विमोचन




**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** विहिप के जिला मंत्री उमाशंकर ठठेरा ने बताया कि श्रीरघुनाथ मंदिर के महंत बुद्धि प्रकाश नायनकाजोशी और समन्वयक परशुराम भातरा के सानिध्य में पिछले 2 वर्षो से लगातार विहिप के सौजन्य से हनुमान भक्त मंडली द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ निरंतर हर नए मंदिर में किया गया। हनुमान भक्त मंडली के संयोजक सत्यनारायण सेन के अनुसार 101 वे मंदिर में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ चौपड़ बाजार श्रीमाधोपुर में इमली वाले बालाजी के सामने 1 जुलाई 2023 शनिवार को आयोजित होने जा रहे विशाल सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ के लिए विभिन्न गांवो में पोस्टरों का विमोचन किया जा रहा है। इस क्रम में गांव नागल भीम में उप सरपंच जितेंद्र सिंह शेखावत एवं वार्ड पंच कालूराम सैनी के नेतृत्व में,ग्राम ढालिया वास स्थिति बालाजी मंदिर, जालपाली स्थित केशव दास जी मंदिर में ,रामकरण प्लाजा, मंगलम प्लाजा ,पोलदास मंदिर, गजानंद कॉम्प्लेक्स सहित अनेकों स्थानों पर पोस्टर विमोचन किए जाकर 1 जुलाई शनिवार को अधिकाधीक संख्या में कार्यक्रम में आने का आहवान किया गया है।

### 4 बच्चों का नीट में चयन

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** महात्मा गांधी इंटरनेशनल सीबीएसई स्कूल श्रीमाधोपुर के चार बच्चों का नीट- 2023 में चयन हुआ है। स्कूल के कोऑर्डिनेटर अक्षय सैनी ने बताया की विद्यालय की छात्रा निकिता पुत्री रामेश्वर प्रसाद ने 665 अंक , रोहित चौधरी पुत्र सुरेश चंद जाट ने 655 अंक , अभिषेक तेतरवाल पुत्र शीशराम तेतरवाल 632 अंक, संजू भावरिया पुत्र रामलाल भावरिया ने 625 अंकों के साथ नीट 2023 में सफलता प्राप्त की है। इन सभी बच्चों का मंगलवार को विद्यालय परिसर मे विद्यालय निदेशक मोहर सिंह खर्रा, प्राचार्या कवलजीत कौर,कॉलेज प्राचार्य डॉ.वी.के. सैनी ने सभी बच्चों का माला एवं साफा पहनाकर सम्मान किया एवं सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

# मंत्री जूली ने महंगाई राहत कैम्प का निरीक्षण किया

**अलवर, (निसं)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश का चहुंमुखी विकास प्राथमिकता रहा है जिसे मूर्त रूप देते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ऐतिहासिक निर्णय लेकर अमलीजामा पहनाने का काम किया है।

मंत्री जूली ने मंगलवार को अलवर ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम हाजीपुर में पहुंचकर महंगाई राहत कैम्प एवं प्रशासन गांवों के संग अभियान का निरीक्षण कर विभिन्न योजनाओं से लाभांवित लाभार्थियों को मुख्यमंत्री गारंटी कार्ड वितरित किये। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य कर अपने सुशासन को दर्शाया है जिसको आमजन ने खूब सराहा है। प्रत्येक वर्ग का कल्याण राज्य सरकार की प्राथमिकता में रहा है। उन्होंने कहा

■ **प्रदेश का चहुंमुखी विकास प्राथमिकता रही है : जूली**

कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में लगाए जा रहे महंगाई राहत कैम्पों में अब तक आमजन का बडी संख्या में योजनाओं में पंजीकरण कर लाभांवित किया गया है तथा इन योजनाओं का लाभ अब आमजन को मिलना भी प्रारम्भ हो चुका है। इस दौरान मंत्री जूली ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की योजनाओं सहित राज्य सरकार की अन्य योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि आमजन जागरूक रहकर इनका लाभ उठावे।

मंत्री जूली ने अलवर ग्रामीण क्षेत्र के माच का तिराहा से हाजीपुर तक करीब 90 लाख रुपए की लागत से बनने वाली सडक निर्माण के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने सडक बनाने वाली एजेंसी को गुणवत्तापूर्ण एवं मापदण्डों के अनुसार कार्य करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार तत्परता एवं प्रतिबद्धता के साथ प्रदेश वासियों के कल्याण के लिए निरंतर उल्लेखनीय कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों को आवागमन सुव्यवस्थित हो सके इसके लिए पूरे प्रदेश भर में सडकों का जाल बिछाया जा रहा है। ग्रामीणों ने तीन करोड 76 लाख रुपए की लागत से जेजेएम, 40 लाख की लागत से सिंगल फेस बोरिंग, माच का तिराहा से हाजीपुर तक बन रही सीसी सडक के लिए मंत्री जूली का आभार जताया।

### नेकी की दुकान का समापन

**राजगढ़, (निसं)।** लायंस क्लब की ओर से जगन्नाथ मेले में सात दिवस से संचालित नेकी की दुकान का समापन क्लब अध्यक्ष अजय यादव एवं गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी में हुआ।

क्लब के सचिव सुरेंद्र दाधीच ने बताया कि नेकी की दुकान का प्लान मेले में पूर्ण सफल रहा। कस्बे के समाजसेवी एवं उदार मना लोगों की ओर से नए वस्त्र साड़ी एवं पुराने वस्त्रों का निशुल्क वितरण किया गया। सात दिवसीय कार्यक्रम में हजारों की संख्या में वस्त्रों का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में गर्म एवं ठंडे कपड़ों के साथ स्कूली बच्चों की गणवेश का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम की सभी लोगों ने सराहना की। समापन के अवसर पर खेम सिंह आर्य मदनलाल शर्मा , जिनेंद्र जैन, वीरेंद्र दाधीच,एन एल वर्मा, रूप नारायण शर्मा , क्लब के सदस्य एवं गणमान्य जन मौजूद रहे।

# भगवान नेमिनाथ का मोक्ष कल्याणक दिवस मनाया

**निवाई, (निसं)।** आर्यिका विज्ञाश्री माताजी की प्रेरणा से महिला मण्डल के द्वारा निर्वाण नगर स्थित विज्ञा प्रांगण पर भगवान नेमिनाथ का मोक्ष कल्याणक दिवस धूमधाम से मनाया जिसमें संगीतमय भक्तामर स्तोत्र अनुष्ठान एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की भीड उमड पडी। जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ महावीरप्रसाद जैन, हितेश कुमार छाबडा ने भगवान आदिनाथ के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। अनुष्ठान मे गायक विमल जौंला सोभागमल सोगानी एवं विमल सोगानी ने संगीतमय णमोकार मंत्र की प्रस्तुतियां दी। इस दौरान गायिका कोमल जैन, पिंकी कठमाणा, शशी सोगानी, अनिता गोयल सहित अनेक महिलाओं ने संगीतमय भक्तामर स्तोत्र पाठ एवं भजन कीर्तन आयोजित किए गए। कार्यक्रम मे मंगलाचरण शकुंतला छाबडा, पिंकी जैन, यामिनी जैन, वर्षा जैन, वंशिका जैन, अवनी जैन एवं अनवि जैन ने सामूहिक नृत्य के साथ किया। जौंला ने बताया कि श्रद्धालुओं ने रिद्धि मंत्रों से 48 दीपकों को भक्तामर श्लोकों से मण्डप पर समर्पित किए गए। कार्यक्रम का संचालन विमल जौंला ने किया। जौंला ने बताया कि सभी श्रद्धालुओं ने भक्तामरजी का उच्चारण करते हुए सम्यग्दर्शन सम्यक ज्ञान एवं सम्यक चारित्र के दीपक समर्पित किए। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने भगवान नेमिनाथ की पूजा अर्चना कर पंचपरमेष्ठी एवं भगवान आदिनाथ जी की आरती की। इस अवसर पर मयंक जैन, देवांश जैन, उर्मिला सोगानी, बीना जैन, साक्षी जैन, बबीता जैन, सुनील भाणजा, नवरत्न टोंग्या व त्रिलोक रजवास सहित अनेक लोग मौजूद थे।


**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी नगरीय क्षेत्र (न.पा.) रींगस, जिला-सीकर (राज.)**

क्र.सं.का.प्रा.न.क्षे(न.पा.)रींगस/2022-23/1575 दिनांक 21/06/2023

(प्रारूप-10)

(नियम 6(7) देखिए)

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी नगरपालिका रींगस**

**लोक सूचना**

निम्न खातेदारों ने इस कार्यालय में नीच उलेखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन आवासीय प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वाचन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है अर्थात-

| क्र. सं. | आवेदक का नाम व पता | जिले सहित तहसील का नाम | फर्म का नाम | खसरा नं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| | गंगाराम चौथूराम पुत्र S/o श्री भोलाराम निवासी-वार्ड नं. 18 रींगस जिला-सीकर | जिला सीकर तहसील रींगस | राजस्व ग्राम-रींगस | 4193 | 0.2300 वर्ग मीटर एवं आवासीय प्रयोजन |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90 क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1956 की धारा 69 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वाचन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन जारी की गई।

सीताराम कुमावत
अधिशाषी अधिकारी
नगरीय क्षेत्र नगरपालिका, रींगस


# सीसी रोड व चार दीवारी का लोकार्पण किया

**निवाई, (निसं)।** ग्राम पंचायत खंडवा में मुख्य अतिथि विधायक प्रशांत बैरवा ने विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इस दौरान विधायक प्रशांत बैरवा ग्रामीणों की समस्याओं से रूबरू होते हुए ग्रामीणों द्वारा बताई गई समस्याओं का तत्काल समाधान करने के अधिकारियों को निर्देश दिए।

मुख्य अतिथि विधायक प्रशांत बैरवा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा आमजन को राहत पहुंचाने के लिए कई जन कल्याणकारी योजनाएं चलाई गई हैं जिसका आमजन को लाभ मिल रहा रहे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने गांव व शहरों के विकास में कोई कसर नहीं छोडी हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री से निवाई व पीपलू क्षेत्र के लिए जो मांगा वह सब दिया हैं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा बालक-बालिकाओं सहित युवाओं, बुर्जुगों एवं महिलाओं के लिए कई जनकल्याणकारी योजनाएं लागु की हैं। जिससे प्रत्येक व्यक्ति को लाभ मिल रहा हैं। इस अवसर पर पूर्व ब्लाक अध्यक्ष राजेश चौधरी, प्रदीप पारीक, पप्पूलाल मीणा, सरपंच देवनारायण गुर्जर, उम्मेदसिंह कसाणा, देवनारायण गुर्जर, कैलाश बेनीवाल, शिवपाल खंडवा, कन्हैयालाल नकवाल, जन्सीलाल गुर्जर, सरपंच देवालाल गुर्जर, रामू गुर्जर, पूर्व सरपंच सुखपाल गुर्जर, सुवालाल पारीक, नमोनारायण मीणा, श्रवण गुर्जर सेदरिया, प्रदीपसिंह नाथावत व प्रधानाचार्य जगदीश मीणा व बनवारीलाल बैरवा सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

### पांच उपस्वास्थ्य केन्द्र क्रमोन्नत

**लालसोट, (निसं)।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा के प्रयासों से बजट घोषणा की अनुपालना में सरकार ने लालसोट विधानसभा क्षेत्र के पाच उपस्वास्थ्य केन्द्रों को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में क्रमोन्नत करने एवं उनके लिए आवश्यक नवीन पदों की स्वीकृति जारी कर दी है।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि लालसोट विधानसभा क्षेत्र की रामगढ पचवारा पंचायत समिति के कालूवास, बिच्छा, सलेमपुरा तथा निजामपुरा एवं लालसोट पंचायत समिति के बिलोनाकलां स्थित उपस्वास्थ्य केन्द्रो को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में क्रमोन्नत कर दिया गया है। मीणा ने बताया कि इन नवक्रमोन्नत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के लिए चिकित्सकीय एवं नर्सिंग स्टाफ के पद भी स्वीकृत किए गए हैं।

# छोटे भाई के ग्यारवे पर 351 जरूरतमंदों को भोजन कराया

**अलवर, (निसं)।** खैरथल के चूडी मार्केट निवासी करण छंगानी उर्फ कालू पुत्र स्व. सुखदेव छंगानी ने अपने चाचा स्व. रमेश छंगानी के पुत्र खुशाल उर्फ भूरु जिसकी 10 दिन पूर्व मृत्यु हो गई थी उसके 11 वे पर उसकी आत्मा शांति के लिए घर में पूजन किया गया पूजन के पश्चात गुप्ता नर्सिंग होम के सामने मजदूर स्टैंड के पास स्थित इंदिरा रसोई भोजन योजना राजस्थान सरकार के द्वारा संचालित में 200 व्यक्तियों को भोजन कराया गया।

लाभार्थियों के द्वारा दी जाने वाली टोकन की राशि रसोई संचालक रेड कैप ट्रस्ट के करण आचार्य को अदा थी। वहीं इस्माइलपुर रोड स्थित रीको इंडस्ट्रीज एरिया में इंदिरा रसोई मैं 151 व्यक्तियों को भोजन कराया गया। लाभार्थियों के द्वारा की जाने वाली टोकन की राशि रसोई संचालिका रेडकैप ट्रस्ट की अंजू आचार्य को दी रसोई संचालिका अंजू आचार्य ने बताएं कि पुण्य आत्मा स्वर्गीय खुशाल की आत्मिक शांति के लिए उसके बडे भाई के द्वारा भोजन प्रायोजित किया गया था जिसमें लाभार्थियों के लिए रोटी चावल दाल छोले की सब्जी लड्डू अचार परोसा गया जहां पर सभी ने पुण्य आत्मा को श्रद्धांजलि स्वरुप श्रद्धा सुमन के पुष्प अर्पित किए और उसकी आत्म शांति की प्रार्थना की करण छंगानी व दुष्यंत वासु ने भोजन परोसा और लाभार्थियों को प्रेम पूर्वक भोजन कराया इस मौके पर इंदिरा रसोई मैनेजर गुलशन व्यवस्थापक मनीष शर्मा सुमन आनंद भारती बल्लू शर्मा करण आचार्य आदि लोग मौजूद रहे।


**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड** IDFC FIRST Bank
(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लि. के नाम से जाना जाता था)
CIN : L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031
फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022
प्राधिकृत अधिकारी-सरदीप राठौड, संपर्क नम्बर-9887772255 ई-मेल-sardeep.rathore@idfcbank.com

**परिशिष्ट-IV-ए**

**अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री की सूचना**

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन अधिनियम 2002 के साथ सहपठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 (6) के अधीन अचल सम्पत्तियों की बिक्री करने के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना/एतद् द्वारा जनसाधारण को तथा विशेष रूप से ऋणग्रहिता (ओं) व जमानती (यों) को नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित अचल सम्पत्तियाँ सुरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/प्रभारित रखी गयी है तथा इन सम्पत्तियों का भौतिक कब्जा आईडीएफसी बैंक लि. अब आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी ने ले लिया है। इन सम्पत्तियों की बिक्री 14.07.2023 को "जहाँ है जैसी है" "जो कुछ है यह है" तथा "जो कुछ है वहाँ है" के आधार पर आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड) के खाता नं. 11539025, 11676198, 34679274 में 07.04.2021 को बकाया रुपये 25,34,12,87.24/- की मिलाप एण्ड कम्पनी, हरविन्दर कौर, मंजीत सिंह मदन, तेजपाल सिंह ऋण ग्रहिता(ओं) और सह-ऋणग्रहिता(ओं) से वसूली के लिये की जायेगी।

**ऑक्शन स्टेट्स**

| | |
|---|---|
| आरक्षित मूल्य | रुपये 1,37,00,000/- |
| बयाना राशि जो जमा होगी | रुपये 13,70,000/- |
| बोली प्रस्तुत करने / बयाना राशि जमा कराने की तिथि | 13.07.2023 सायं 5.00 बजे तक |
| सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि | 07.07.2023 प्रातः 11.00 से सायं 4.00 तक |
| नीलामी की तिथि | 14.07.2023 प्रातः 11.00 से दिन में 1.00 तक |
| सम्पत्ति का विवरण | सम्पत्ति गोदाम नं.-30, क्षेत्रफल 26.62 वर्ग मीटर्स (286.65 वर्ग फिट, ग्राउन्ड फ्लोर, मकान नं. 761, सार्दुल सिंह की नाल, चौकडी सरद तथा दुकान नं. 776 खंदा आतिश, छोटी चौपड, जयपुर, राजस्थान 302003 का पूरा व प्रत्येक भाग और सीमायें है- पूर्व-ओनर की सम्पत्ति, पश्चिम-गोदाम नं.31, उत्तर-10 फिट चौडी रोड, दक्षिण-अन्य की सम्पत्ति |

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तो के लिए कृपया आईडीएफसी फर्स्ट बैंक वेबसाइट पर उपलब्ध कराये गये लिंक को देखें अर्थात http://idfcfirstbank.auctiontiger.net/EPROC
**अस्वीकरण**- कृपया ध्यान दें कि यह नोटिस केवल अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए जारी किया गया है तथा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड को चल सम्पत्तियों को बेचने का अधिकार नहीं है, यदि कोई, अचल सम्पत्ति पर मौजूद हो।

स्थान - जयपुर
दिनांक- 26.06.2023

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लि. के नाम से जाना जाता था)


# प्रशासन गांव के संग अभियान में 345 परिवारों का पंजीयन किया

**लालसोट, (निसं)।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा ने लालसोट पंचायत समिति की देवली ग्राम पंचायत में महंगाई राहत शिविर एवं प्रशासन गांव के संग अभियान को संबोधित करते हुए कहा कि महंगाई राहत शिविर एवं प्रशासन गांव के संग अभियान के दौरान एक रिकॉर्ड संख्या

■ **'महंगाई राहत शिविर एवं प्रशासन गांव के संग अभियान के दौरान एक रिकॉर्ड संख्या में लोग लाभान्वित हुए हैं'**

में लोग लाभान्वित हुए है।

चिकित्सा मंत्री मीणा ने कहा कि मुख्यमंत्री गहलोत की गांव के गरीब को इस महंगाई से राहत देने एवं एक ही छत के नीचे रुके हुए कार्यों को आसानी से संपन्न कराने के लिए इन महंगाई राहत शिविर एवं प्रशासन गांव के संग अभियान की सबसे बड़ी भूमिका है। ग्राम पंचायत देवली में महंगाई राहत एवं प्रशासन गांव के संग अभियान का आयोजन किया गया। इसमें कुल 345



**लालसोट उपखंड के देवली ग्राम पंचायत में शिविर के दौरान चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा ( दाएं से दूसरे ) ने गारंटी प्रमाण पत्र वितरित किए।**

परिवारों का पंजीयन किया गया। कैंप में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री मीना ने लोगों को गारंटी कार्ड वितरण किए।

गारंटी कार्ड प्राप्त कर लोगों के चेहरे खुशी से खिल उठे उन्होंने मंत्री व मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया। चिकित्सा मंत्री मीणा एवं प्रधान एडवोकेट मीणा द्वारा शीघ्र मौजूद लाभार्थियों से संवाद कर उन्हें मिल रहे योजनाओं के लाभ की जानकारी भी ली गई। इस अवसर पर प्रधान नाथू लाल मीना उपखंड अधिकारी बृजेंद्र मीना विकास अधिकारी राजाराम मीना तहसीलदार मदनलाल मीना ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दीपक पुरोहित ब्लॉक कांग्रेस प्रवक्ता बंशीलाल जैमन सरपंच रेखा कंवर पंचायत समिति सदस्य मीठालाल मीना ग्राम सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष मीठालाल मीना सरपंच प्रतिनिधि रघुराज सिंह परसादी लाल देवली गुलाब मिर्जापुरा सामाजिक सुरक्षा अधिकारी अशोक मीना सहित समस्त ब्लॉक स्तरीय अधिकारी कर्मचारी व ग्रामीण उपस्थित रहे।

### 'एक शाम राष्ट्र के युवाओं के नाम' कवि सम्मेलन

**मनोहरपुर, (निसं)।** निकटवर्ती त्रिवेणी धाम स्थित राजस्थान बलाई विकास संस्थान द्वारा संचालित बलाई छात्रावास में नव कवि साहित्यिक संस्थान के तत्वावधान में एक शाम राष्ट्र के युवाओं के नाम से एक कवि सम्मेलन गणपत वर्मा के मुख्य आतिथ्य व डॉ. बी. डी. नैनावत की अध्यक्षता सेवानिवृत एडीम के.आर.बुनकर व संस्थान के पूर्व अध्यक्ष प्रभु दयाल जेवरिया, भामाशाह हरि बल्लीवाल व ज्योतिबा फूले ब्रिगेड के अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश सैनी के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित हुआ।

नव कवि साहित्यिक संस्थान के संस्थापक व संचालक राजकुमार इन्द्रेश ने बताया कि कार्यक्रम में राजस्थान के जाने माने कवि कैलाश मनहर ने माँ सरस्वती को माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस मौके पर कवि प्रकाश प्रियम, सनी लाखीवाल, अशोक राय वत्स, कवि गिरधर आदि ने वाह वाही बटोरी। मंच संचालन करते हुए कवि राजकुमार इन्द्रेश ने युवाओं बीच में अपनी रचना पहल कर आने वाला कल तेरा होगा व जीत में जीत को हार में हार को स्वीकार करूँगा मैं से जोश से उल्लासित किया।


**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड** IDFC FIRST Bank
(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लि. के नाम से जाना जाता था)
CIN : L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031
फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022
प्राधिकृत अधिकारी-सरदीप राठौड, संपर्क नम्बर-9887772255 ई-मेल-sardeep.rathore@idfcbank.com

**परिशिष्ट-IV-ए**

**अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री की सूचना**

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन अधिनियम 2002 के साथ सहपठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 (6) के अधीन अचल सम्पत्तियों की बिक्री करने के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना/एतद् द्वारा जनसाधारण को तथा विशेष रूप से ऋणग्रहिता (ओं) व जमानती (यों) को नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित अचल सम्पत्तियाँ सुरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/प्रभारित रखी गयी है तथा इन सम्पत्तियों का भौतिक कब्जा आईडीएफसी बैंक लि. अब आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी ने ले लिया है। इन सम्पत्तियों की बिक्री 28.06.2023 को "जहाँ है जैसी है" "जो कुछ है यह है" तथा "जो कुछ है वहाँ है" के आधार पर आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड) के खाता नं. 14652189, 15069789, 32254495,32305646, 15658275 में 15.07.2022 को बकाया रुपये 1,53,34,758.08/- की कमल टाइल्स एण्ड सैनीटरी, 2. मीना गुप्ता, यश गुप्ता (स्वर्गीय सुरेन्द्र कुमार गुप्ता के कानूनी उत्तराधिकारी के रूप में), 3. रिमझिम गुप्ता (स्वर्गीय सुरेन्द्र कुमार गुप्ता के कानूनी उत्तराधिकारी के रूप में), 4. कमला देवी पत्नी स्वर्गीय बनवारी लाल गुप्ता (स्वर्गीय सुरेन्द्र कुमार गुप्ता के कानूनी उत्तराधिकारी के रूप में), 5. मीना उर्फ मीनू गुप्ता (स्वर्गीय सुरेन्द्र कुमार गुप्ता के कानूनी उत्तराधिकारी के रूप में), ऋण ग्रहिता(ओं) और सह-ऋणग्रहिता(ओं) से वसूली के लिये की जायेगी।

**ऑक्शन स्टेट्स**

| | |
|---|---|
| आरक्षित मूल्य | रुपये 60,06,000/- |
| बयाना राशि जो जमा होगी | रुपये 6,00,600/- |
| बोली प्रस्तुत करने / बयाना राशि जमा कराने की तिथि | 27.07.2023 सायं 5.00 बजे तक |
| सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि | 21.07.2023 प्रातः 11.00 से सायं 4.00 तक |
| नीलामी की तिथि | 28.07.2023 प्रातः 11.00 से दिन में 1.00 तक |
| सम्पत्ति का विवरण | सम्पत्ति-2, प्लाट नं.6 के पश्चिम भाग का पूरा व प्रत्येक भाग, सत्य नगर, खातीपुरा रोड, झोटवाडा, जयपुर, राजस्थान, क्षेत्रफल 95.59 वर्ग मी. तथा सीमायें है- पूर्व-प्लाट का भाग, पश्चिम-प्लाट नं. 5-बी, उत्तर-अन्य, दक्षिण-रोड 30 फिट |

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तो के लिए कृपया आईडीएफसी फर्स्ट बैंक वेबसाइट पर उपलब्ध कराये गये लिंक को देखें अर्थात http://idfcfirstbank.auctiontiger.net/EPROC
**अस्वीकरण**- कृपया ध्यान दें कि यह नोटिस केवल अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए जारी किया गया है तथा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड को चल सम्पत्तियों को बेचने का अधिकार नहीं है, यदि कोई, अचल सम्पत्ति पर मौजूद हो।

स्थान - जयपुर
दिनांक- 26.06.2023

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लि. के नाम से जाना जाता था)